हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 8 मार्च 2025

08 पुलिस ने एक महीने में 2435 चालान किए



09 आशा वर्कर्स की लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा





## खबर संक्षेप

### अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान चलाया

**बहादुरगढ़।** सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए शुक्रवार को एक बार फिर पुलिस ने अभियान चलाया। एसीपी दिनेश कुमार व एसएचओ विकास कुमार की अगुवाई में पुलिस ने झज्जर रोड, रेलव रोड, रोहतक-दिल्ली रोड तथा पुराने बस स्टैंड के पास अवैध पार्किंग करने वालों पर शिकंजा कसा। ब्लैक फिल्म चढ़ी कारों के चालान किए। कुछ वाहन इंपाउंड भी किए गए। बता दें कि एसीपी दिनेश कुमार की अगुवाई में पिछले कुछ दिनों से शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है। अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण सड़कों, बाजारों में अव्यवस्था हावी रहती है। जाम की समस्या गहरा जाती है।

### पार्क में निर्माण पर जताई नाराजगी

**बहादुरगढ़।** झज्जर चुंगी पर स्थित शहीद राव तुलाराम पार्क परिसर में अवैध रूप से बनाए गए कथित धार्मिक स्थल को पक्का कर दिया गया है। इस स्थल के आसपास नशेड़ी किस्म के तत्व मंडराते हैं। जिससे आसपास के लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पार्क में शाम के वक्त नशेड़ी तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। कुछ महीने पहले यहां अस्थाई कथित धार्मिक स्थल बना दिया गया था। अब कंक्रीट से इसे पक्का कर दिया गया है। इस स्थल के आसपास रात के वक्त नशेड़ी तत्व बैठे रहते हैं। एक तरह से धार्मिक आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सिटी थाना पुलिस ने अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कर्ण के रूप में हुई है। जटवाड़ा का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अवैध हथियार बरामद किया। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। अदालत में पेश कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अस्पताल में जनऔषधि दिवस मनाया

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को जनऔषधि दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में चिकित्सकों द्वारा लोगों को जन औषधि केंद्र की जानकारी विस्तार से दी गई। चिकित्सकों ने लोगों को बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को हर आदमी तक पहुंचाने के लिए सरकार का यह अच्छा कदम है। ईलाज के दौरान बड़ा खर्चा दवाओं व कंजेबल्स का होता है। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर गुणवत्ता युक्त दवाएं 60 से 90 प्रतिशत सस्ती होती है। बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में भी यह केंद्र मौजूद है। सरकारी अस्पताल में आने वाले रोगी तथा बाहर के रोगी यहां दवाइयां 60 से 90 प्रतिशत सस्ती दरों पर खरीद सकते हैं। ऐसे केंद्रों से लोगों को बहुत राहत मिली है।

## क्षेत्र की अनेक महिलाओं ने पुरुष प्रधान समाज में कायम की अपनी पहचान

# 'शक्ति' का परिचय देते हुए 'नारी' ने हासिल की मंजिल

रवींद राठी ▶▶ बहादुरगढ़

नारी में असीम ताकत है। वह न सिर्फ अपने परिवार व काम-काज को भली-भांति संभालते हुए अपनी तमाम जिम्मेदारियां निभा सकती है, बल्कि समाज के उत्थान में भी अतुलनीय योगदान दे सकती है। बस जरूरत है कि नारी अपनी असली ताकत को पहचाने और आत्मविश्वास से आगे बढ़े। आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हुए कई नारियों ने सख्त मेहनत से अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट स्थान हासिल किया है। अपने जीवन संघर्ष की सफल गाथा को विश्व महिला दिवस पर इन महिलाओं ने दैनिक हरिभूमि के साथ सांझा किया।

### स्वर्णिम निशाने लगा रही पलक



पलक गुलिया ने किशोरावस्था में निशानेबाजी को कैरियर के रूप में चुना और अब विश्व में तिरंगे का मान बढ़ा रही है। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पलक गुलिया का जन्म 9 नवंबर 2005 को झज्जर जिले के गांव निमाणा में हुआ था। पलक के पिता जोगेंद्र गुलिया व मां पूनम देवी ने उसे बचपन से ही प्रोत्साहित किया। नवंबर-दिसंबर 2021 में पलक ने दिल्ली में हुई 64वीं नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदकों से अपने स्वर्णिम कैरियर की शुरूआत की थी। फिर मई 2022 में जर्मनी में स्वर्ण व रजत पदक जीते। कोरिया में जुलाई 2022 में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में कांस्य और रजत पदक जीते। इजिप्ट में अक्टूबर 2022 में स्वर्ण पदक जीता। कोरिया में भी 2 रजत पदक जीते। चीन में हुए एशियन गेम्स में सितंबर 2023 में स्वर्ण पदक के साथ सिलवर मेडल हासिल किए।

### ब्रिटेन में 'लेजर विशेषज्ञ' बनी किरण



बहादुरगढ़ की बेटी डॉ. किरण गुलिया यूके में यूनिवर्सिटी ऑफ वुल्वरहैंप्टन में एसोसिएट प्रोफेसर के अलावा एयरोस्पेस मेटिरियल मैनुफेक्चरिंग लैब की निदेशक हैं। डॉ. किरण गुलिया के पिता डॉ. धूप सिंह गुलिया मूल रूप से रोहतक के बोहर गांव के निवासी हैं। बहादुरगढ़ और हिसार से स्कूली शिक्षा के बाद रोहतक और हिसार उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाली किरण ने डीआरडीओ में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की डायरेक्टरशिप में जूनियर साइंटिस्ट के तौर पर ज्वाइन किया। उस समय उन्होंने अग्नि मिसाइल पर भी काम किया। फिर स्कॉटलेंड में हायर स्टडीज के बाद यूएसए में 4 वर्षों तक एक बड़ी कंपनी में लेजर इंजीनियर के तौर पर नौकरी की। डॉ. किरण ने कई सालों तक विश्वविख्यात बर्मिंघम यूनिवर्सिटी में लेजर लैब की निदेशक के रूप में सेवाएं दी।

### सांझी के संरक्षण व संवर्धन में जुटी साक्षी



दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम करने वाली बहादुरगढ़ की साक्षी गर्ग अपने भीतर के कला प्रेम के कारण दुर्लभ सांझी कला के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित हैं। साक्षी अपने कल्पना संसार को कागज पर उकेरती है और काटने व संवारने के बाद उसे शानदार रूप देती है। फ्रेंच भाषा भी सीख चुकी साक्षी बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में रहती है। साक्षी ने कागज से महज 5 एमएम लंबी और एक एमएम चौड़ी नाव तैयार की। जिसे ग्लोबल रिकॉर्डस एंड रिसर्च फाउंडेशन ने नेशनल रिकॉर्ड में दर्ज किया था। इसके अलावा पेंसिल के सिक्के (लेड) पर हरियाणा शब्द उकेरना भी साक्षी की प्रतिभा को दर्शाता है। साक्षी द्वारा तैयार ग्लास पेंटिंग्स भी कलाप्रेमियों का मन मोहने में सक्षम हैं। साक्षी मानती है कि कला जीवन में नए उत्साह का संचार करती हैं और हमें जमीन से जोड़े रखती हैं।

## नियम तोड़ने वाले चालकों से 20 लाख से अधिक जुर्माना वसूला

# पुलिस ने एक महीने में 2435 चालान किए

ट्रिपल राइडिंग के 259 वाहनों के चालान कर पुलिस ने तीन लाख 28 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सबसे अधिक 439 चालान रांग साइड ड्राइविंग के हुए हैं, जिन पर दो लाख 9500 रुपये जुर्माना ठोंका गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नियमों की अनेदखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्ती बरती जा रही है। चालान काटने के साथ-साथ पुलिस द्वारा भारी भरकम जुर्माना भी लगाया जा रहा है। बीते फरवरी माह में पुलिस ने 2435 वाहनों के चालान किए। नियम तोड़ने वाले चालकों पर 20 लाख 59 हजार 400 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

ट्रिपल राइडिंग के 259 वाहनों के चालान कर पुलिस ने तीन लाख 28 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सबसे अधिक 439 चालान रांग साइड ड्राइविंग के हुए हैं, जिन पर दो लाख 9500 रुपये जुर्माना ठोंका गया। वहीं गलत पार्किंग के 279 चालान व एक लाख 40 हजार 100 रुपये जुर्माना, खतरनाक यू टर्न के 128 चालान, 61 हजार 500 रुपये जुर्माना, विदआउट नंबर प्लेट के 355 चालान तीन लाख 33 हजार 400 रुपये जुर्माना तथा नंबर प्लेट पैटर्न के 212 चालान और करीब सात लाख जुर्माना लगाया गया है।



**बहादुरगढ़।** पुलिस द्वारा क्रेन से उठाई गई कार। फोटो : हरिभूमि

हेलमेट के 180 चालान कर तीन लाख 18 हजार 900 का जुर्माना ठोंका गया। गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म लगवाने वाले तथा बुलेट से पटाखे बजाने वाले भी पुलिस के निशाने पर रहे। बुलेट पटाखा के 18 चालान कर 54 हजार 700 तथा ब्लैक फिल्म के 32 चालान कर 85 हजार 600 रुपये जुर्माना लगाया गया है। बहादुरगढ़ के यातायात पुलिस थाना प्रभारी विकास कुमार का कहना है कि नियमों की अनदेखी के कारण दुर्घटनाएं होती हैं।

लोग नियमों का पालन करें। गाड़ी चलाते वक्त सीट बेल्ट व दोपहिया वाहन चलाते वाक्त हेलमेट जरूर लगाएं। अपने दस्तावेज पूरे रखें। गलत दिशा में ड्राइविंग और अवैध पार्किंग से बचें। अभिभावक भी अपने बच्चों के वाहनों पर नजर रखें। व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



**बहादुरगढ़।** दुल्हेड़ा में डीपीसी तोड़ती विभाग की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### डीटीपी ने दुल्हेड़ा में की तोड़फोड़

**बहादुरगढ़।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने गांव दुल्हेड़ा की राजस्व संपदा में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में शुक्रवार को तोड़फोड़ की। करीब एक एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तीन ढाबे, एक प्रॉपर्टी डीलर का दफ्तर और 4 डीपीसी तोड़ी गई। यह कार्यवाही नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि आमजन अवैध कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलरों से किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त न करें। विभाग द्वारा आजकल भू-माफियाओं के खिलाफ सतत अभियान चलाया हुआ है।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित कृष्ण पहलवान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### लडरावन में हुआ लोकार्पण व भंडारा

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण स्थित मंदिर में स्वर्गीय पंडित दीपचंद वत्स की पुण्य स्मृति में नव निर्मित कमरे का शुक्रवार को लोकार्पण हुआ। इस मौके पर हुए भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह हवन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके पश्चात भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व निगम पार्षद कृष्ण पहलवान ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करते हुए स्व. पंडित दीपचंद वत्स को श्रद्धांजलि अर्पित की। सचिन राजेश जून, पूर्व विधायक नरेश कौशिक और पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करवाई। ग्रामीणों ने पंडित रामकुमार वत्स व उनके परिवार की सराहना की।



**बहादुरगढ़।** विद्यार्थियों व कॉलेज स्टॉफ के साथ डॉ. विनोद। फोटो : हरिभूमि

## प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन हुआ।

प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ अश्वनी कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मोखरा राजकीय महाविद्यालय से भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनोद एक्सटेंशन लेक्चर देने आए। उन्होंने ग्रेजुएट विद्यार्थियों को सरकारी नौकरियों के लिए परीक्षाओं की तैयारी करने की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सीजीएल, रेलवे परीक्षाओं, हरियाणा सिविल सेवा, भारतीय सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी करने के टिप्स दिए। उन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में काम आने वाली किताबों के बारे में भी जानकारी दी। प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी उन्होंने दिए। इस अवसर पर देवेंद्र, मोहित, डॉ मनोज कुमार, मोनिका, मंजू मलिक, ज्योति, डॉ. जयंत, विजय आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- रात करीब साढ़े आठ बजे दादनपुर जाने के लिए घर से बाइक पर निकला था दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के ग्वालिसन मार्ग में हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 18 वर्षीय दीपक पुत्र सुनील के तौर पर की गई है। यह हादसा उस समय हुआ जब दीपक अपनी मोटरसाइकिल पर किसी कार्य के लिए दादनपुर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हुए दीपक को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में बने शवगृह भिजवाया। शुक्रवार को परिजनों के बयान लेने उपरांत आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता सुनील कुमार पुत्र धर्मबीर ने बताया कि वह ग्वालिसन गांव का रहने वाला है। उसका बड़ा लड़का दीपक वीरवार की रात करीब साढ़े आठ बजे किसी काम से दादनपुर जाने के लिए घर से निकला था। कुछ देर बाद उसके पास गांव के ही परमेश ने वेयरहाउस के पास दीपक के एक्सीडेंट होने की सूचना दी। सूचना पाकर जब वह पहले घटना स्थल और बाद में स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचा जहां चिकित्सकों ने उसके पुत्र दीपक को मृत घोषित कर दिया। परमेश ने बताया कि दीपक को एक ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मारी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के दौरान कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी व (इनसेट में) मृतक दीपक का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि




**बहादुरगढ़।** प्रतिभागी छात्राओं के साथ कॉलेज प्राचार्या व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### गर्ल्स कॉलेज में हुई पीपीटी प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग द्वारा 'बजट 2025' एवं 'महिला उद्यमियों का भारत में योगदान' विषयों पर पावरपॉइंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 12 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें पलक ने प्रथम स्थान, नैंसी ने द्वितीय, शिवानी और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्राचार्या अलका गुलाटी ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में जीतने से अधिक प्रतिभागिता महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग की डॉ. शिल्पा, डॉ. शीतल, डॉ. ललिता और मीरा आदि उपस्थित रही।

### डिस्पेंसरी में नहीं मिली सुविधाएं

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने पार्षद पति हरिमोहन धाकरे के साथ छोटूराम नगर की डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि डिस्पेंसरी महीने में कुछ ही दिन खुलती है। सैनी ने बताया कि डिस्पेंसरी में आमजन के लिए कोई सुविधा नहीं है। ना बैठने की व्यवस्था, ना पानी और टॉयलेट, ना बिजली और ना कोई सूचना बोर्ड लगा हुआ था। लोगों ने बताया कि यहां कोई दवाई उपलब्ध नहीं है। जसबीर ने सीएमओ से बात कर इस समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया। सैनी ने कहा कि जब डिस्पेंसरी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं तो उस जगह का कॉन्ट्रेक्ट रद्द होना चाहिए। इस मौके पर लोकेंद्र कुमार, पुनीत सैनी, विक्की, नीरज, ललित व मोहित आदि मौजूद रहे।

### बदहाल स्टेडियम पर अधिकारियों का ध्यान

**बहादुरगढ़।** अनदेखी के चलते बदहाल होते सांखोल के स्टेडियम की जहां एक तरफ लोग सुध लेने की मांग उठा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों ने भी मामले में संज्ञान लेने की बात कही है। काफी संघर्ष के बाद सांखोल में स्टेडियम का निर्माण हो सकता था। इससे यहां के युवाओं को लाभ हुआ, लेकिन यह स्टेडियम अनदेखी का शिकार है। इस वजह से परिसर में अतिक्रमण हो रहा है। कोई यहां बिटोड़े बना रहा है तो कोई निर्माण सामग्री डाल रहा है। ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभाग से इसकी सुध लेने की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से लेकर खेल मंत्री तक इस मामले को ले जाया जाएगा। उम्मीद है जल्द ही इस दिशा में उपयुक्त कदम उठाया जाएगा। उधर, जिला खेल अधिकारी का कहना है कि यह स्टेडियम हमारे दायरे में नहीं आता, पंचायत के अधीन आता है। वहीं, बीडीपीओ उमेद सिंह ने कहा कि अभी इस तरह की कोई शिकायत तो नहीं आई है। फिर भी वह अपने स्तर पर पता करेंगे। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस को विसरा रिपोर्ट का इंतजार

**बहादुरगढ़।** कबीर बस्ती में जली अवस्था में मिले युवक के शव का मामला अभी तक रहस्य बना हुआ है। हालांकि मृतक की कुछ दिनों बाद शिनाख्त कर ली थी लेकिन उसकी हालत की वजह क्या रही, ये सवाल बना हुआ है। फिलहाल मामले को आत्मदाह का ही केस माना जा रहा है लेकिन पुलिस को विसरा रिपोर्ट का भी इंतजार है। गत 12 फरवरी की सुबह कबीर बस्ती के शिव मंदिर में एक युवक का जली हुई अवस्था में शव मिला था। तब मौके पर पहचान नहीं हो पाया था। हालातों को देखते हुए पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताई थी। तब पुलिस ने 72 घंटे के लिए शव नागरिक अस्पताल में रखवाया और पहचान के प्रयास शुरू किए। कुछ दिन बाद दिल्ली में एक परिवार ने सेक्टर छह थाना पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मंदिर से बरामद परने और घड़ी उनको दिखाई तो उन्होंने शिनाख्त कर ली। बताते हैं कि युवक यहां दुर्गा कॉलोनी में ही अकेला रहता था। जबकि उसके परिवार के सदस्य दिल्ली में रहते हैं। प्रारंभिक तौर पर शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले थे लेकिन फिर भी पुलिस को विसरा रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी। जांच अधिकारी बिजेंद्र का कहना है कि मंदिर में मिले शव की परिजनों ने शिनाख्त कर ली थी।



**बहादुरगढ़।** शिविर में सेवाएं देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में उत्साह से किया रक्तदान

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या सुमन हुड्डा और उप-प्राचार्य डॉ. अमित छिकारा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में छात्रों तथा स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनएसएस इकाई-1 के कार्यक्रम अधिकारी जोगिंदर सिंह सहित कई प्राध्यापकों ने रक्तदान किया। जिनमें डॉ. राजीव दहिया, प्रदीप, डॉ. नीरज, कमल, भूपेंद्र, विकास, डॉ. सोमजीत, डॉ. सज्जन व सुमित शामिल थे। प्राचार्य डॉ. सुमन हुड्डा ने रक्तदाताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, जो जरूरतमंदों की जान बचाने के साथ-साथ समाज में परोपकार की भावना को बढ़ावा देता है। उप-प्राचार्य अमित छिकारा ने भी इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की और सभी स्वयंसेवकों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय दल और स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया।



**बहादुरगढ़।** सचिन राजेश जून को स्मृति चिहन भेंट करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### जसौर खेड़ी में मंदिर निर्माण कार्य शुरू

**बहादुरगढ़।** गांव जसौरखेड़ी में मां देवी माई मंदिर के पुर्ननिर्माण कार्य का विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन जून ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि देवी माई भक्तों के सभी संकट दूर करके सुख व समृद्धि के भंडार भर देती है। गांव जसौर खेड़ी में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से मांडू ऋषि सरोवर पर देवी माई के मंदिर का पुर्ननिर्माण कार्य शुरू हो गया है। निर्माण कार्य का शुभारंभ कौशलेंद्र महाराज ने नींव रखकर किया। इस कार्य के लिए विधायक राजेश जून ने भी अपनी नेक कमाई से 11 लाख रुपए का सहयोग किया था। शुक्रवार को भंडारे में शिरकत करते हुए उनके पुत्र सचिन जून 11 हजार रुपए की धनराशि मंदिर में दान स्वरूप भेंट की। ग्राम वासियों ने सचिन राजेश जून का सम्मान करते हुए स्मृति चिह्न भेंट किया।

### वारदात सुलझाने को गांव-गांव जा रही पुलिस

**बहादुरगढ़।** मेहंदीपुर डाबोदा के खेतों में मिले महिला के शव की चार दिन बीत जाने के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शुक्रवार को शव का दाह संस्कार करवा दिया। शव की पहचान और मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस की टीम गांव, गांव घूम कर रही है। दरअसल, सोमवार की रात को मेहंदीपुर डाबोदा के खेत में केएमपी पुल के निकट एक महिला का शव मिला था। शव कंबल में लिपटा हुआ था। शरीर पर तेजधार हथियार के दर्जनभर निशान थे। हत्या करके महिला को यहां फेंका गया था। तब पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया और शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। पुलिस की कई टीमें मामले की तह तक जाने के लिए भागदौड़ कर रही है। मेहंदीपुर डाबोदा व आसपास गांवों में लोगों से पूछताछ की जा चुकी है और कैमरे भी खंगाले गए लेकिन कुछ सुराग नहीं लग सका। निर्धारित 72 घंटे की समयावधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को संस्था के हाथों शव का दाह संस्कार करवा दिया। इस तरह से चार दिन बीत जाने के बाद भी यह गुत्थी पुलिस के लिए अनसुलझी पहेली बनी हुई है। शव किसी बाहरी महिला का होने की आशंका है। सदर थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह का कहना है कि मामले में जांच कर रहे हैं। कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। कई गांवों में लोगों से पूछताछ कर चुके हैं। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास है।

## रेडक्रास का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कैंप शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में जिला स्तरीय रेडक्रास समिति की ओर से 5 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप के प्रथम दिन स्वयंसेवकों को समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के दुष्प्रभाव के विषय में जागरूक किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने अपना परिचय भी दिया।

कैंप की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत व झंडा गीत गाए। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने जिला रेडक्रास सचिव देवेंद्र चहल का स्वागत किया। बताया कि रेडक्रास सोसायटी एक अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी संगठन है। संकट में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। रेडक्रास सोसायटी के कार्यों में सहयोग देना समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्थान की जिम्मेदारी है। जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव देवेंद्र चहल ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्यों में सक्रिय रहने के साथ ही संगठन समाज को अधिक सुरक्षित और जागरूक बनाने में मदद करता है।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिहन देती प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा।

कैंप के पहले दिन स्वयंसेवकों को बताया गया कि दहेज प्रथा महिलाओं के साथ भेदभाव को बढ़ावा देने के साथ लड़कियों की भ्रूण हत्या, कम उम्र में विवाह, घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न का सबब बनती है। दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए सरकार, समाज और व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता है। दूबलधन राजकीय महाविद्यालय के काउंसलर डॉ रणदीप राणा ने बेटी बचाओ अभियान का उद्देश्य लड़कियों के प्रति भेदभाव और असमानता को समाप्त करना है। स्वच्छता के विषय में जागरूक करते हुए बताया कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप



झज्जर। स्वयंसेवकों को फायर सेफ्टी की जानकारी देते हुए विभागीय टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेवकों को दी फायर सेफ्टी की जानकारी

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में जौंधी गांव में आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने डिजिटल इंडिया पर डिबेट का आयोजन किया। घर पर रहकर भी कई तकनीकी कोर्स कर सकते हैं तथा सभी प्रकार के पाठ्यक्रम और विषय सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध है, जो मान्यता प्राप्त भी हैं। अग्निशमन अधिकारी सचिन, प्रवीण ढुल और आशीष ने आगजनी पर जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार आपदा की स्थिति में आग पर काबू पाया जा सकता है। महिला सशक्तिकरण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

### राजकीय नेहरू महाविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

**झज्जर।** शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय का 56वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

### विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# आशा वर्कर्स की लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा

- कर्मचारी लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीआईटीयू के आह्वान पर सभी संबंधित यूनियनों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए उपायुक्त के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार के नाम आशा वर्कर्स की लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आशा वर्कर्स यूनियन व अन्य संगठनों के कर्मचारी लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित हुए तथा धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता सीआईटीयू की जिला उपप्रधान अनीता व सर्व कर्मचारी संघ के जिला के प्रधान रामवीर ने की। जबकि धरने का संचालन जिला सचिव किरण द्वारा किया गया। धरने के दौरान सीआईटीयू की पूर्व प्रधान व आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की उप प्रधान प्रवेश मातनहेल, आशा वर्कर्स यूनियन जिला की प्रधान कविता, मूर्ति, सविता, ललिता आदि ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के साथ आए दिन अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। इन्हें रोकने के लिए सरकार कड़े कदम उठाए और उन्हें धरातल पर लागू करें।



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में धरने के दौरान मौजूद आशा वर्कर व अन्य संगठनों के कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों ने दर्शाया मातृप्रेम




झज्जर। मातृप्रेम को लेकर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए नन्हें विद्यार्थी।

- कार्यक्रमों में महिलाओं ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर सम्मान और आदर प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन सुमन और स्कूल निदेशक राम अवतार यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में डॉक्टर निक्कू को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यकम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण और समानता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में महिला अभिभावकों के लिए भी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें तिलक होली व बच्चों द्वारा अपनी माताओं के पैर धोना प्रमुख रहा। इन कार्यक्रमों में महिलाओं ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर सम्मान और आदर प्रकट किया। यह आयोजन महिलाओं के सम्मान और उनके योगदान को समर्पित रहा। स्कूल प्राचार्य पृथ्वीराज ने कहा कि महिला शिक्षा और नेतृत्व किसी भी समाज की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। चेयरपर्सन सुमन ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया। राम अवतार यादव ने महिलाओं के योगदान को सराहा और उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।

संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने महिलाओं को बधाई देते हुए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

## किसानों को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा-पोषक अनाज और कृषि की नई तकनीकों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

- नई अनाज मंडी में जिला स्तरीय किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया

स्थानीय भागलपुरी चौक स्थित नई अनाज मंडी में शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा-पोषक अनाज सहित कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों से अवगत कराया। इस दौरान अपने संबोधन में एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नई तकनीक के चलते उन्नत किस्म के बीजों और आधुनिक कृषि यंत्रों के कारण खेती में पैदावार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि किसान मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन के जरिये भी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में बताया साथ में प्राकृतिक खेती बारे में भी किसानों को प्रोत्साहित किया। इस बीच उन्होंने कृषि विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसे किसान हित में जरूरी बताया।



बेरी। कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो :हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## स्पर्धा में तनीषा प्रथम



झज्जर। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक एवं विद्यार्थी।

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 12 कैडेट्स ने भाग लिया। वाणिज्य प्राध्यापिका डॉक्टर प्रियंका, मनोविज्ञान प्राध्यापक प्रदीप यादव, रसायन शास्त्र प्राध्यापिका प्रीति रानी ने प्रतियोगिता का निर्णय किया। प्राचार्य प्रोफेसर दलबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाला समय महिलाओं का है। क्योंकि हर स्तर पर महिलाएं अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने विजेता छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता परिणामों में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तनीषा को प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की प्रियंका को द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नैन्सी को तृतीय स्थान मिला। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट श्रीकिशन चाहर एवं लेफ़्टिनेंट डॉक्टर कविता ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बारे जानकारी दी।

## पोर्टल से छेड़खानी करने के मामले में पकड़े गए आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- आरोपी फोन में ओटीपी के माध्यम से कार्रवाई को अंजाम देते थे

साइबर थाना की एक टीम द्वारा पोर्टल से छेड़छाड़ कर पीपीपी को बिना दस्तावेज अलग करने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि 12 नवंबर 2024 को सूचना मैनेजर जिला नागरिक संसाधन विभाग झज्जर योगेश कुमार द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि जिला प्रबंधक का पोर्टल हैक करके बिना मेरी अनुमति से गलत तरीके से फैमिली आईडी को बिना दस्तावेज/अनुमति के अलग किए जा रहे हैं। जिस सूचना पर 12 नवंबर 2024 को थाना साइबर सेल झज्जर में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। जिस पर आगामी कार्रवाई थाना साइबर क्राइम झज्जर व टेक्निकल अधिकारी अरुण कुमार हरियाणा परिवार पहचान अथॉरिटी पंचकूला के सहयोग से मुख्य आरोपी सहित पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में कार्रवाई करते हुए दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद सैफ, निवासी विसरू जिला नुहं और नीरज निवासी सिडरावट जिला नूंह के तौर पर की गई। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पकड़े गए दोनों आरोपी फोन में ओटीपी के माध्यम से इस कार्रवाई को अंजाम देते थे।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि



## विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

**झज्जर।** शुक्रवार को शहर की छोटू राम धर्मशाला में सामाजिक संस्था सेवा भारती की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 101 महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था की प्रांत सचिव पंकज कलेर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। फौज की बात हो या अंतरिक्ष की, महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। 21वीं शताब्दी की महिलाएं जहां अपने हितों को जानने वाली है वहीं कानूनी रूप से भी सशक्त हैं। उन्होंने महिलाओं से अन्याय के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। इनके अलावा आयुर्वेदिक अस्पताल छुछकवास से लीला ननोटी, डीपीओ उर्मिल सिवाच, जिला कल्याण अधिकारी श्वेता शर्मा, महिला थाना एसएचओ किरण देवी व महिला किसान नीलम आर्य विशिष्टातिथि के रूप में मौजूद रहीं। मंच संचालन आयुष विभाग से पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी हिमांशु, डॉक्टर सुमित्रा धनखड़, नेहा गुलिया, अमित कुमार, सेवा भारती जिला प्रमुख नवीन कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## न्यू झज्जर-फारुखनगर रेलवे प्रोजेक्ट प्रारंभिक चरण में, सर्वेक्षण कार्य जारी

- 26 किलोमीटर लंबी इस रेलवे लाइन पर खर्च होंगे 1300 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को डीसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में रेलवे प्रोजेक्ट से जुड़े सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ अहम मीटिंग का आयोजन किया गया। प्रस्तावित न्यू झज्जर-फारुखनगर रेलवे लाइन को लेकर आयोजित इस मीटिंग में नार्थ रेलवे की तरफ से सीनियर एक्सईएन नीतिश गर्ग ने पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना अभी प्रारंभिक चरण में है और इसके लिए भूमि अधिग्रहण, सड़क एवं ओवरहेड क्रॉसिंग की स्थिति तथा प्रमुख संरचनाओं का अध्ययन किया जा रहा है। डीसी प्रदीप दहिया ने रेलवे अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी के विषय में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित न्यू रेलवे लाइन करीब 26 किलोमीटर लंबी है। यह रेलवे लाइन राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों के बीच से गुजरेगी। इसके लिए वर्तमान में दो स्थानों नंगला व सिलाना गांवों में रेलवे स्टेशनों का निर्माण होगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 1300 करोड़ रुपये खर्च होंगे।



झज्जर। मीटिंग के दौरान न्यू रेलवे लाइन को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए डीसी प्रदीप दहिया। फोटो :हरिभूमि

## सामाजिक विज्ञान व कंप्यूटर ओलंपियाड में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एम आर स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान व कंप्यूटर ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। परीक्षा में 114 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें से 38 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। छात्रा तनिषा ने सिल्वर मेडल पच्चीस हजार रका नकद का इनाम, सांची, गर्व दहिया, मुस्कान, यश कोडान को एक हजार रुपये, अर्जुन कोडान को ढाई हजार व आयुष व नक्श को 1667 रुपये, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा दिया गया। स्कूल निदेशक सोमबीर कोडान ने विद्यार्थियों, अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



झज्जर। होनहार प्रतिभागी स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

## खो-खो में बामनौला की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को रिलायंस एमईटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दादरी तोए सेक्टर-5 स्थित ऑफिस परिसर के खेल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अनिता गोयल ने मुख्यातिथि तथा संगीता राज्याण ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में एमईटी क्षेत्र के गांव निमाना, फतेहपुर, पाहसौर, ईस्माइलपुर, दादरी तोए, बामनौला, बाढ़सा, लोहट, मुंडाखेड़ा, नंगला तथा मुबारकपुर की महिला खो-खो टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में बामनौला की टीम विजयी रही। जबकि नंगला गांव की टीम को उपविजेता का खिताब मिला। मुख्यातिथि द्वारा विजेता टीम को प्रोत्साहन राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस दौरान अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिनमें से थ्रीलेग रेस में सरस्वती मुबारकपुर एवं खुशबु लोहट ने प्रथम, उर्मिला एवं कविता लोहट ने द्वितीय तथा ईस्माइलपुर से निधि तथा ललिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



झज्जर। विजेता महिला टीम को प्रोत्साहन राशि का चेक देकर सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर जेएनवी कलोई से अध्यापिका सरोज देवी, कौशल शिक्षा केंद्र की अध्यापिका शंकुतला, पूजा, सुनीता,नीलम सिंह, कविता, मीना, सुदेश, जोगेंद्र, लोकेश कापसे, अक्षय, राजकुमार, संजय, आशिष व चंचल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति



**झज्जर।** ब्रिगेडियर रणसिंह पब्लिक स्कूल दुजाना में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में शमशेर सिंह अहलावत, डॉक्टर करण अहलावत व डॉक्टर वीरेंद्र अहलावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में माता-पिता और संतान के वात्सल्य प्रेम को दर्शाता नृत्य, आर्मी संघर्ष दर्शाता नृत्य, मोबाइल नृत्य और कविता की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थी विभिन्न पात्रों की भूमिका में नजर आए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा अल्फाबेट्स पर आधारित मनमोहक रैंप वॉक किया गया। इनके अलावा विद्यार्थियों द्वारा जहां हरियाणवीं संस्कृति पर अधारित गीतों पर नृत्य किया वहीं मूक अभिनय के माध्यम से युवाओं को नशे के प्रति जागरुक किया। इस दौरान कठपुतली व होली नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। समारोह के दौरान मौजूद विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने भी वर्तमान विद्यार्थियों के साथ अनुभव सांझा किए।

### गांव हुमायूंपुर में सर्व जातीय जाखड़ खाप के जाखु धाम मंदिर के वार्षिकोत्सव का आयोजन

# वार्षिकोत्सव में श्रद्धालुओं ने माथा टेक मांगी मन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को क्षेत्र के गांव हुमायूंपुर में सर्व जातीय जाखड़ खाप के जाखु धाम मंदिर के वार्षिकोत्सव में श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेक मन्नत मांगी और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। वार्षिकोत्सव के दौरान जाखड़ खाप के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों व विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों व युवाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजक समिति सदस्य सोमबीर जाखड़ ने कार्यक्रम में शामिल खाप सदस्यों, निकटवर्ती ग्राम सरपंचों, ब्लॉक समिति सदस्य व जिला पार्षदों को सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस दौरान एशियन गोल्ड मेडल व महाराणा प्रताप अवार्ड हासिल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राजबीर जाखड़, भीम अवार्डी सरोज जाखड़, कबड्डी की गोल्ड मेडल विजेता राजबाला, स्काई ड्राइविंग में सिल्वर मेडल लेने वाले रविंद्र जाखड़, हैंडबॉल के गोल्ड मेडलिस्ट अजय व संदीप जाखड़, फूलवती जाखड़, तीन किलोमीटर रेस के गोल्ड मेडल विजेता अमन जाखड़, ब्रांज मेडल विजेता बॉक्सर युवराज जाखड़ तथा डॉक्टर नीरू जाखड़ को सम्मानित किया गया।




झज्जर। धाम में नए कमरे का उद्घाटन करते हुए सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

### ये रहे मुख्य रूप से मौजूद

पंजाब अबोहर विधायक संदीप जाखड़, पूर्व सांसद पाली बद्रीराम, पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल गुरुग्राम, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता, एचसीएस मंजीत जाखड़, आईपीएस दीपक गोरिया, जाखड़ खाप प्रधान कश्मीर बिगोवा, अकेहड़ी टपा प्रधान रामभगत, ग्यारह टपा प्रधान रामावतार, सतगांव लडायन प्रधान सुनील जाखड़, सत गांव झांसवा प्रधान जयदीप, सतगांव साल्हावास प्रधान रणबीर जाखड़, ब्लॉक समिति चेयरमेन दीपक झांसवा, एचडी स्कूल के निदेशक रमेश गुलिया, जिला पार्षद अनिल नौगांवा सहित अन्य भी शामिल रहे।

### पौराणिक ग्रंथों में वर्णित है दादा भैया व दादा जाखु का नाम

समाजसेवी सोमबीर जाखड़ ने बताया कि भारतीय संस्कृति के अनुसार पौराणिक परंपरा रही है कि जब भी कोई नया गांव या शहर बसाया जाता है तो सबसे पहले वहां पर भूमि पूजन किया जाता है। गांव में सबसे पहले ग्राम देवता का मंदिर बनाया जाता है। मंदिर में गांव के पवित्र खेड़ा मंदिर को ग्राम देवता के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं। जाखड़-खाप 36 के लिए पूजनीय दादा भैया व दादा जाखु का नाम पौराणिक ग्रंथों में भी वर्णित है।

## नारी शक्ति को किया नमन



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक रंगोली रेखाचित्र बनाकर नारी शक्ति को नमन किया। मुकेश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। रेखाचित्र में सशक्त महिलाओं की छवि को प्रदर्शित किया गया। चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रामवतार शर्मा, रामनिवास कौशिक, रमेश कौशिक, नंदकिशोर वशिष्ठ, राजेन्द्र शर्मा, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा व अलीशा शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# Elenta Mart

A PERFECT HYPERMARKET

ऑनलाइन से सस्ता सबसे अच्छा।

1 KG SUGAR FREE ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE

UPTO 80% OFF

HOLI MEGA SALE

8 MARCH TO 15 MARCH

ROHTAK
DIGHAL
JHAJJAR
GOHANA
SAMPLA
BAHADURGARH

## रंग, मिठास और प्यार, Elenta Mart से शॉपिंग बार-बार!

WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- MOONG CHILKA 1KG — OUR PRICE ₹115
- RAJMA CHITRA 1KG — OUR PRICE ₹130
- MALKA MASOOR 1KG — OUR PRICE ₹89
- MALKA KALI DAAL 1KG — OUR PRICE ₹90
- KAAJU 500G — OUR PRICE ₹490
- WALLNUT (AKHROT) 250G — OUR PRICE ₹365
- KISHMISH JUMBO SIZE 1KG — OUR PRICE ₹275
- SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE

UPTO 50% OFF

PICHKARI - WATER BALLONS - GULAL - COLORS - ELECTRIC WATER GUN

- ORION CHOCO-PIE 25X10 GM — BUY 1 GET 1 FREE
- KISSAN FRESH TOMATO KETCHUP 850G DOY PACK — 10% OFF
- HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT 750ML MRP ₹175 — OUR PRICE ₹155
- CocaCola Without Offer 2Ltr. MRP ₹95 — OUR PRICE ₹75
- LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 — OUR PRICE ₹185
- CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 — OUR PRICE ₹949
- KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg — 40% OFF ON MRP
- Brooke Bond taj mahal tea 1kg MRP ₹710 — OUR PRICE ₹549
- HERSHEY'S SYRUP CHOCOLATE 623GM MRP ₹250 — OUR PRICE ₹155
- DAVIDOFF FINE AROMA COFFEE 100GM MRP ₹749 — OUR PRICE ₹599
- GLUCOVITA HELPS BOOST IMMUNITY 1KG — BUY 1 GET 2 FREE
- PRABHAS PURE COW GHEE 1Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- DABUR ANMOL GOLD COCONUT OIL 600ML — BUY 1 GET 1 FREE
- FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 — OUR PRICE ₹149
- RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA — BUY 2 GET 1 FREE
- PREET LITE GHEE 1Ltr. — OUR PRICE ₹315
- RAJDHANI BESAN 1KG MRP ₹169 — OUR PRICE ₹102
- PAPER BOAT JUICE 1 LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- FRESCA JUICE 1Ltr. — BUY 1 GET 3 FREE
- BOMBAY SHAVING COMPANY DEODORANT SPRAY BLACK 150ML — BUY 1 GET 3 FREE
- GOOD LOOK AIR FRESHNER — BUY 1 GET 1 FREE
- KISSAN FRESH TOMATO KETCHUP 1.1KG MRP ₹150 — ₹25 OFF
- DABUR GLUCOPLUS C SIPPER FREE — 50% OFF
- KELLOGG'S OATS JAR 850G MRP ₹244 — OUR PRICE ₹140
- AASHIRVAAD ATTA 10 KG MRP ₹485 — OUR PRICE ₹435
- ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR — 33% OFF
- SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 — OUR PRICE ₹699
- SANI FRESH ADVANCED TOILET CLEANER 520ML — BUY 1 GET 1 FREE
- KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP — BUY 1 GET 1 FREE
- MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 — OUR PRICE ₹99
- SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS — UPTO 10% OFF ON MRP
- HERBS AND HILLS ALL RANGE — 25% OFF ON MRP
- CADBURY BOURN VITA POUCH 750GM — 15% OFF
- TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 8KG+4KG MRP ₹1479 — OUR PRICE ₹924
- ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 — ₹250 OFF
- WIPRO SAFE WASH BOTTLE 1KG — BUY 1 GET 2 FREE
- ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG — BUY 1 GET 1 FREE

UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!

- Dollar — DISCOUNT 30%
- JOCKEY — DISCOUNT 20%
- BODYCARE — DISCOUNT 20%
- DIXCY SCOTT — DISCOUNT 30%
- LUX cozi — DISCOUNT 30%
- VAN HEUSEN — DISCOUNT 20%
- MACROMAN — DISCOUNT 30%
- U.S. POLO ASSN. — DISCOUNT 20%
- MACHO UNDERWEAR — DISCOUNT 30%

**Rohtak Address:** Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak.
**Contact:** +91-8199999480

**Bahadurgarh Address:** Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
**Contact:** +91-9992296899

**Jhajjar Address:** Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
**Contact:** +91-8750187531

**Sampla Address:** Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
**Contact:** +91-8930062800

**Gohana Address:** Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
**Contact:** +91-7419002626

**Dighal Address:** Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
**Contact:** +91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

TERMS & CONDITION :

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.